
शुक्रवार
27 मई 2022



पृष्ठ 4

**सोफे को साफ और नया बनाए रखने के लिए अपनाएं ये तरीके**



पृष्ठ 5

**कृति सैनन ने हिंदी फिल्म उद्योग में पूरे किए आठ साल**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 115
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

यह सच है कि कवि सौंदर्य को देखता है। जो केवल बाहरी सौंदर्य को देखता है वह कवि है, पर जो मनुष्य के मन के सौंदर्य का वर्णन करता है वह महाकवि है।
— रामनरेश त्रिपाठी

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# यूनिफॉर्म सिविल कोड को सरकार संकल्पबद्धः धामी

विशेष सवांददाता

चंपावत। उत्तराखंड में हम सबके लिए समान कानून की व्यवस्था लाने जा रहे हैं। हमने इसकी घोषणा राज्य में हुए चुनावों से पहले ही कर दी थी अब इस पर हमने काम करना भी शुरू कर दिया है। गोवा के बाद उत्तराखंड ऐसा दूसरा राज्य होगा जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा।

यह बात आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चंपावत में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मार्च 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से पूर्व इसकी घोषणा की गई थी। हमने राज्य में नई सरकार के गठन के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। समिति की रिपोर्ट आते ही इसे आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों के हितों की सुरक्षा के लिए यह कानून जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों से उन्हें जनसंख्या के घनत्व में असंतुलन की खबरें मिल रही थी, उन्होंने कहा कि अनाधिकृत



**❑विकास के लिए जनता का सहयोग जरूरी**
**❑सीएम ने दिया जनता को विकास का भरोसा**

रूप से बाहरी लोगों के राज्य में आने और बसने के कारण जो समस्याएं पैदा हो रही है सरकार उन्हें लेकर पूरी तरह से सतर्क है।

देवभूमि की देव संस्कृति को अक्षुण बनाए रखने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। किसी को सूबे का माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था उत्तराखंड कोई बाहरी लोगों की शरण स्थली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता ने दोबारा भाजपा को जो जनादेश देकर उस पर भरोसा जताया है उनकी सरकार उसके अनुरूप काम करेगी उन्होंने कहा कि हम हर काम जनता की राय और इच्छा के अनुसार ही करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले दशक को उत्तराखंड के विकास का दशक घोषित किया और यह विकास का लक्ष्य जनता के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बीते 6 सालों में राज्य के विकास के लिए तमाम काम किए गए हैं। बहुत से काम किए जा रहे हैं लेकिन बहुत सारे काम किए जाने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपको यह भरोसा दिला सकता हूं कि भाजपा जो कहती है वह करती भी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उनके लिए अपनी सीट छोड़ने वाले कैलाश गहतोड़ी भी थे। चंपावत उपचुनाव का चुनाव प्रचार अब अंतिम चरण में पहुंचने वाला है कल उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी बनबसा टनकपुर में जनसभाएं करने जा रहे हैं। चुनाव के लिए 30 मई को मतदान होना है तथा 3 जून को चुनाव परिणाम आएगा।

# चारधाम यात्रा में फिर खलल डाल सकता है मौसम

विशेष संवाददाता

देहरादून। मौसम विभाग द्वारा एक बार फिर राज्य में मौसम खराब होने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। और चारधाम यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने की चेतावनी दी गई है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में कहीं भारी तो कहीं हल्की बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई गई है। उनका कहना है कि राज्य में चल रही चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मई के पूरे माह यानी 28-29 मई तक प्री मानसूनी बारिश का क्रम जारी रहेगा। लेकिन आने वाले 24 घंटों में राज्य के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। जबकि कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है।

मौसम विभाग द्वारा चारधाम यात्रा मार्गों पर इस दौरान भूस्खलन और भू

**❑अगले 24 घंटों में वर्षा व ओलावृष्टि संभव**
**❑मौसम विभाग ने दी सतर्कता की चेतावनी**

कटाव जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी के बाद आपदा कंट्रोल रूम और एसडीआरएफ को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वह मौसम खराब रहने के दौरान यात्रा न करें तथा पड़ावों पर ही मौसम साफ होने का इंतजार करें।

उल्लेखनीय है कि अभी खराब मौसम के कारण दो दिनों तक केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम की यात्रा बाधित रही थी वही यमुनोत्री मार्ग पर सड़क धंसने से कई हजार यात्री लंबे समय तक फंसे रहे थे। एक बार फिर मौसम विभाग की भविष्यवाणी अगर सच साबित होती है तो मौसम एक बार फिर चारधाम यात्रियों की कड़ी परीक्षा लेने वाला है।

## गीतांजलि श्री के उपन्यास *टॉम्ब ऑफ सैंड* को मिला अंतरराष्ट्रीय बुकर प्राइज




नई दिल्ली। लेखिका गीतांजलि श्री के उपन्यास 'टॉम्ब ऑफ सैंड' को अंतरराष्ट्रीय बुकर प्राइज मिला है। इसे डेजी रॉकवेल ने ट्रांसलेट किया है। यह विश्व की उन १३ पुस्तकों में शामिल थी, जिसे अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए लिस्ट में शामिल किया गया था। यह किसी भी भारतीय भाषा की पहली पुस्तक है, जिसे यह सम्मान मिला है। गुरुवार को लंदन में एक समारोह में गीतांजलि श्री को यह सम्मान दिया गया। इस मौके पर गीतांजलि श्री ने कहा कि वह सम्मान पाकर पूरी तरह अभिभूत हैं। मैंने कभी बुकर का सपना नहीं देखा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कर सकती हूं। कितनी बड़ी पहचान है, मैं चकित, प्रसन्न, सम्मानित और विनम्र हूं। पुरस्कार के साथ पदक चिह्न और ५०,००० जीबीपी दिए जाते हैं। इसका अनुवाद डेजी रॉकवेल ने किया है। अमेरिका के वरमोंट में रहने वालीं चित्रकार, लेखिका और अनुवादक रॉकवेल ने उपन्यास के अनुवाद को हिंदी भाषा के लिए प्रेम पत्र के रूप में वर्णित किया। टूंब ऑफ सैंड मूल रूप से 'रेत समाधि' पर आधारित है। यह उत्तरी भारत की ८० वर्षीय महिला की कहानी है। बुकर के लिए चुनाव करने वाले जजों ने इसे एक आनंददायक उपन्यास करार दिया है।

## देश में एक दिन में आए कोविड-19 के 2710 नए मामले, संक्रमण से हुई 14 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज हुई है, हालांकि ये बढ़त मामूली है। कल के मुकाबले आज एक दिन में ८२ मामले ज्यादा दर्ज हुए हैं। नए मामलों के साथ एक्टिव केस भी बढ़कर १५,८१४ हो गए, जो कल तक १५,४१४ थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन में कोविड–१९ के २,७१० नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या ४,३१,४७,५३० पर पहुंची। वहीं, १४ और मरीजों के संक्रमण से जान गंवाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर ५,२४,५३९ हो गया।

मंत्रालय के अनुसार, संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या



कुल मामलों का ०.०४ फीसदी है, जबकि संक्रमण से मुक्त होने वालों की नेशनल रेट ९८.७५ प्रतिशत है। डेली पॉजिटिविटी रेट ०.५८ प्रतिशत, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट ०.५२ प्रतिशत है। वहीं, देश में अब तक ४,२६,०७,१७७ लोग संक्रमण से उबर चुके हैं, जबकि डेथ रेट १.२२ प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रव्यापी कोविड रोधी टीकाकरण अभियान के तहत देशभर में अब तक टीके की १९२.९७ करोड़ से ज्यादा खुराक लगाई जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी।

संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २९ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर २०२० को ९० लाख के पार चले गए थे। देश में १९ दिसंबर २०२० को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।

पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और २३ जून २०२१ को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल २६ जनवरी को मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# यात्रियों की सुरक्षा का सवाल

उत्तराखंड का मौसम चारधाम यात्रियों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है यात्रा को शुरू हुए अभी एक माह का समय भी नहीं हुआ है लेकिन 90 से अधिक यात्रियों की चार धामों में मौत हो चुकी है। इनमें से 60 से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक के कारण हुई है। मई और जून का समय चारधाम यात्रा के लिए सबसे अधिक मुफीद माना जाता था लेकिन इस साल मौसम में आए अप्रत्याशित बदलाव के कारण मई के माह में जिस तरह से बारिश और बर्फबारी हुई है वह यात्रियों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत साबित हो रही है। यात्रा पर आने वाले लोग यह अनुमान भी नहीं लगा पाते हैं कि धामों में इस वक्त कितनी सर्दी होगी। अधिकांश यात्रियों द्वारा गर्म कपड़े भी नहीं लाए जाते हैं। जहां तक धामों में इन यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। हर एक धाम में क्षमता से कई हजार अधिक यात्री पहुंच रहे हैं जिन्हें शुन्य डिग्री तापमान में रहना पड़ रहा है। 35 से 40 डिग्री तापमान से शुन्य डिग्री तापमान में पहुंचने वाले इन यात्रियों का शरीर इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है तथा अत्यधिक ऊंचाई के कारण ऑक्सीजन की जो कमी होती है वह यात्रियों की सांसो पर भारी पड़ रही है। भले ही राज्य सरकार द्वारा इन यात्रियों को काफी हद तक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हो लेकिन फिर भी हर यात्री को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण हर रोज बड़ी संख्या में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है बीते कल केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में 13 लोगों की मौत हार्ट अटैक या सांस लेने में दिक्कत के कारण हुई। इससे एक दिन पहले 7 लोगों की मौत हुई थी। यात्रा को शुरू हुए 23 दिन बीते हैं और मौतों का आंकड़ा 100 के पास पहुंच गया है। हालात यह है कि धामों के पड़ावों और धामों में जरूरत पड़ने पर यात्रियों को गर्म कपड़े भी नहीं मिल पा रहे हैं। यात्रियों से बार-बार यह अपील की जा रही है कि वह पर्याप्त गर्म कपड़े लेकर ही यात्रा पर आए और कमजोर स्वास्थ्य या किसी बीमारी से पीड़ित यात्री यात्रा पर न आए लेकिन यात्री भी इस पर गौर नहीं कर रहे हैं। हालात यह है कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जिन्हें यात्रा से रोका जा रहा है वह भी रुकने को तैयार नहीं है। 2210 लोगों में से 201 यात्री अनफिट पाए गए लेकिन इनमें से फिर भी एक ही यात्री वापस लौटा जबकि 200 यात्री अपने रिस्क पर यात्रा में चले गए। इसलिए इस जांच का कोई लाभ नहीं हो पा रहा है। जब तक यात्री इस तरफ ध्यान नहीं देंगे, सरकार चाहे जितने भी इंतजाम कर ले इन मौतों को रोका नहीं जा सकता है। यह स्वाभाविक है कि यात्रा पर आए लोगों की जो अपने घर परिवार से सैकड़ों और हजारों मील दूर है मौत होना एक बड़ा संवेदनशील और दुखद मुद्दा है। लेकिन आस्था के आगे मौत का डर भी इन यात्रियों को नहीं रोक पा रहा है जो गलत है। अच्छा हो कि यात्री अपनी जान की सुरक्षा को लेकर खुद सतर्कता बरतें।

# भारत निर्माण में अभूतपूर्व योगदान है पंडित नेहरू का!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी सुख सुविधाओं को त्याग कर आजादी के आंदोलन में भाग लिया था। वे अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेज़ों के खिलाफ़ लड़े थे। चाहे असहयोग आंदोलन की बात हो या फिर नमक सत्याग्रह या फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन हो ,उन्होंने गांधी जी के हर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू की विश्व के बारे में जानकारी से गांधी जी काफ़ी प्रभावित होते थे और इसीलिए आज़ादी के बाद वह उन्हें प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते थे।महात्मा गांधी के ही प्रयास से वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री बन पाए। सन् 192० में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ ज़िले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया था। सन 1923 में पंडित नेहरु अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव चुने गए।सन 1952 में देश मे पहले आमचुनाव हुए ,जिसमें कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री चुने गए। इससे पहले वह सन1947 में आज़ादी मिलने के बाद से अंतरिम प्रधानमंत्री थे। संसद की 497 सीटों के साथ-साथ राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। लेकिन जहाँ संसद में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ ,वहीं कुछ राज्यों में कांग्रेस को दूसरे दलों से ज़बर्दस्त टक्कर मिली थी। कांग्रेस पार्टी बहुमत हासिल करने में चेन्नई, हैदराबाद और त्रावणकोर जैसे शहरों में विफल रही थी, उसे कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ी टक्कर दी थी। हालाँकि इन चुनावों में हिन्दू महासभा और अलगाववादी सिक्ख अकाली पार्टी को मुँह की खानी पड़ी थी। पहले चुनाव के बाद से ही कम्युनिस्ट पार्टी ऑफइंडिया (सीपीआई) ने दक्षिणी राज्यों में जनसमर्थन बढ़ाना शुरू कर दिया था, जिसके नतीजे सन 1957 में हुए चुनाव में उसे मिले। त्रावणकोर-कोचिन और मालाबार को मिला कर बने केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई।

सन1929 में जब लाहौर अधिवेशन में गांधी ने नेहरू को अध्यक्ष पद के लिए चुना था, तब से 35 वर्षों तक यानि सन 1964 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए पंडित नेहरू ने देश में विकास पटरी बिछाई थी , सन1962 में चीन से हारने के बावजूद, नेहरू अपने देशवासियों के आदर्श बने रहे। राजनीति के प्रति उनका धर्मनिरपेक्ष रवैया गांधी के धार्मिक और पारंपरिक दृष्टिकोण से भिन्न था। गांधी जी वस्तुतरू सामाजिक उदारवादी थे, जो देश को धर्मनिरपेक्ष बनाने की चेष्ठा कर रहे थे। नेहरु लगातार आधुनिक संदर्भ में बात करते थे। वहीं गांधी प्राचीन भारत के गौरव पर बल देते थे।देश के इतिहास में एक ऐसा अवसर भी आया था, जब महात्मा गांधी को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पद के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू में से किसी एक का चयन करना था। लौह पुरुष के सख्त तेवर के सामने नेहरू का विनम्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण भारी पड़ा और वह न सिर्फ़ इस पद पर चुने गए, बल्कि उन्हें सबसे लंबे समय तक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की बागडोर संभालने का गौरव हासिल भी हुआ।

पंडित जवाहरलाल नेहरू एक महान् राजनीतिज्ञ , प्रभावशाली वक्ता ही नहीं, प्रसिद्ध लेखक भी रहे। उनकी आत्मकथा सन 1936 ई. में प्रकाशित हुई थी। उनकी अन्य पुस्तकों में भारत एक खोज, भारत और विश्व, सोवियत रूस, विश्व इतिहास की एक झलक, भारत की एकता और स्वतंत्रता और उसके बाद उल्लेखनीय हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में औद्योगीकरण को महत्व बहुत महत्व दिया। भारी उद्योगों की स्थापना को उन्होंने प्रोत्साहन दिया। विज्ञान के विकास के लिए सन1947 ई. में नेहरू ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना की। भारत के विभिन्न भागों में स्थापित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनेक केंद्र इस क्षेत्र में उनकी दूरदर्शिता के स्पष्ट प्रतीक हैं। खेलों में नेहरू की खास रुचि थी। उन्होंने खेलों को मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया था। एक देश का दूसरे देश से मधुर सम्बन्ध क़ायम करने के लिए सन 1951 ई. में उन्होंने दिल्ली में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन कराया था। नेहरू ने भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना का लक्ष्य रखा था। उन्होंने आर्थिक योजना की आवश्यकता पर भी बल दिया। वे सन 1938 ई. में कांग्रेस द्वारा नियोजित राष्ट्रीय योजना समिति के अध्यक्ष भी बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वे राष्ट्रीय योजना आयोग के प्रधान बने। नेहरू के व्यक्तिगत प्रयास से ही भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था।जवाहरलाल नेहरू ने निर्गुटता एवं पंचशील जैसे सिद्धान्तों का पालन कर विश्व बन्धुत्व एवं विश्वशांति को प्रोत्साहन दिया। उन्होंने पूंजीवाद, साम्राज्यवाद, जातिवाद एवं उपनिवेशवाद के ख़िलाफ़जीवनपर्यन्त संघर्ष किया। अपने क़ैदी जीवन में जवाहरलाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ़ इण्डिया, ग्लिम्पसेज ऑफ़वर्ल्ड हिस्ट्री एवं मेरी कहानी नामक पुस्तकों की रचना कर स्वयं को एक लेखक के रूप में भी सिद्ध किया।उनको बच्चे बहुत प्रिय रहे,बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू के रूप में सम्मान देते थे।तभी तो उनका जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया जाता है।

चाचा नेहरू अब आ भी आओ
हमको अच्छे खिलौने दिलाओ
समय अब बहुत बदल गया है
बच्चों का भी खेल बदल गया है
गिल्ली डंडा ,कबड्डी नही रहे अब
कुश्ती,खो खो इतिहास हो गए अब
सब पर क्रिकेट का जुनून सवार है
मोबाईल खेल का बड़ा हथियार है
सांप सीडी लूडो से नही प्यार है
कार्टून फिल्मे ही हमे भाती है
कम्प्यूटर गेम खूब लुभाती है
गुलाब का फूल अब नही लेंगे
मिठाई भी पसन्द हम नही करेंगे
चावमीन, पिज्जा अच्छा लगता है
चॉकलेट, बर्गर हमे बहुत भाता है
बाल कल्याण की कोई नीति नही है
हमे लुभाने की कोई रीति नही है
चाचा नेहरू सिर्फतुम्ही थे अपने
तुम्हारे बिन हमारे ध्वस्त है सपने
आज के नेताओं को सद्बुद्धि दे दो
बालदिवस पर एक छुट्टी दिला दो।

# धर्मनगरी हरिद्वार में चाकूबाजी की घटना से हड़कंप, एक गम्भीर घायल

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार के कोतवाली क्षेत्र के लालजी वाला इलाके में देर रात दो पक्षों में चाकूबाजी की घटना हो जाने से हड़कंप मच गया। घटना में एक पंक्ष के युवक पर गम्भीर चोटें आने से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है, वहीं दूसरे पक्ष के युवक को भी हाथ में चाकू लगे हैं जिसे उपचार के बाद चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी गयी है। चाकूबाजी की यह घटना युवती को छेड़े जाने के बाद होना बताया जा रहा है। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर उसकी जांच शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार देर रात लालजी वाला इलाके में परचून की दुकान चलाने वाले केदार का क्षेत्र में ही रहने वाले कुछ लोगों से विवाद हो गया, विवाद इतना बढ़ा की दोनों पक्षों के दो लोग चाकूबाजी में घायल हो गए। शरीर में कई जगह चाकू लगने के कारण केदार नामक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है, वहीं दूसरे युवक को भी प्राथमिक उपचार देकर चिकित्सकों ने उसे घर भेज दिया है। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल युवक आस-पड़ोस की लड़कियों के साथ छेड़छाड़ किया करता था जिसके चलते एक लड़की के परिजनों ने उस पर हमला बोल दिया था।

इस मामले में गंभीर रूप से घायल हुए केदार के परिजनों का कहना है कि उसका पैसों को लेकर पड़ोस में ही रहने वाले एक परिवार से विवाद चल रहा था। देर रात कुछ लोग केदार की दुकान पर आए और उसे घेरकर बुरी तरह से मारा, इसी दौरान एक व्यक्ति ने केदार पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए।

वहीं आरोपी युवक की बहन ने बताया कि केदार काफी समय से इनके घर के चक्कर काटता था और उसके साथ छेड़छाड़ करता था। बताया कि इस संबंध में शिकायत भी की गई लेकिन उसके खिलाफ कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसको किसी ने चाकू नहीं मारे बल्कि उसने खुद ही अपने ऊपर चाकू से वार किया है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

आ देवो ददे बुध्न्या वसूनि वैश्वानर उदिता सूर्यस्य।
आ समुद्रादवरादा परस्मादाग्निर्ददे दिव आ पृथिव्याः।।
(ऋग्वेद ७-६-७)

शासक को प्रजा के अज्ञानता के अंधकार को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। सब के विकास के लिए अज्ञानता को दूर करना अति आवश्यक है। जिस प्रकार सूर्य सभी लोकों के अंधकार को दूर करता है। उसी प्रकार विद्वानों और शासकों को चाहिए कि वे अज्ञानता के अंधकार को दूर करें।

The ruler should try to dispel the darkness of ignorance of the subjects. The removal of ignorance is essential for the development of all. Just as the sun removes the darkness of all the Lokas. Similarly, scholars and rulers should dispel the darkness of ignorance.
(Rig Veda 7-6-7)

# इंटरनेट कनेक्शन के नाम पर एक लाख रुपये खाते से गायब

संवाददाता

देहरादून। इंटरनेट कनेक्शन का 299 रूपये का भुगतान करने के नाम पर खाते से एक लाख रूपये गायब होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्वर नगर दो बच्ची रोड निवासी कमला कुमार ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 20 मई को शाम को उसको एक काल आया कि आपका कनेक्सन लगाया जाना है तथा इस हेतु उन्हें पता एवं समय बताना है, साथ ही उसको ये बताया कि आपका भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है, जो उसको करना होगा इसके लिए एक लिंक भेजा जा रहा है। उसने उस लिंक पर क्लिक कर एक एप जीओ माई फाइबर डाउनलोड किया एवं उसके माध्यम से 299 रूपये का भुगतान करने की कोशिश की किंतु वह भुगतान नहीं हो सका, यह भुगतान मेरे एचडीएफसी बैक के क्रेडिट कार्ड से करने का प्रयास किया था।

तत्पश्चात दो-तीन बार और प्रयास किया किन्तु भुगतान नहीं दो सका। इसके पश्चात फोनकर्ता ने उसको अन्य बैंक माध्यम में भुगतान करने के लिए कहा। इस पर उसने अपने एचडीएफसी सेलरी एकाउंट से डेबिट कार्ड से भुगतान करने का प्रयास किया किन्तु भुगतान नहीं हो पाया।

तत्पश्चात उसने अपने एसबीआई के डेबिट कार्ड से भुगतान करने का प्रयास किया किन्तु भुगतान नहीं हो सका। आज वह अपने घर में था उसको मैसेज आया जोकि उसके क्रेडिट कार्ड से पैसे कटने का था। उसने बताया कि उसके खाते से एक लाख तीन हजार 168 रूपये निकल गये। उसके बाद उसको पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चार दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने चार स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शहीद विकास ग्राम गुमानीवाला निवासी आशीष कुमार ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से लालतप्पड आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल फैक्ट्री के गेट पर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी।

वहीं मेंहूवाला निवासी सराउददीन ने कोतवाली में अपनी मोटरसाईकिल जीजीआईसी के पास से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करायी। इसके साथ ही चुक्खुवाला निवासी सचिन ने कोतवाली में घंटाघर के पास से मोटरसाईकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया। इसके साथ ही डोईवाला निवासी अरूण सिंह ने हिमालयन हास्पिटल पार्किंग से मोटरसाईकिल व नेशविला रोड निवासी रूचि बमराडा ने सिंगल मंडी से एक्टिवा चोरी होने का मुकदमा पटेलनगर कोतवाली में दर्ज कराया है। पुलिस ने सभी मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## शराब के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने पुराने रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देख भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से तीस पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम सौरभ जाटव पुत्र जुगल किशोर निवासी पुराना जाटव बस्ती बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पांच के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ बिजली चोर का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी उपसंस्थान विद्युत खण्ड लालतप्पड के अवर अभियंता विक्रम सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसको काफी समय से शिकायत मिल रही थी कि शेरगढ गांव में बिजली चोरी की जा रही है। जिसके बाद उसने जब गांव में छापा मारा तो वहां पर प्रकाश पुत्र ईश्वर सिंह, सुरेश कुमार पुत्र रोनकी राम, अवतार सिंह पुत्र किशोरी लाल, जसविन्द्र पुत्र किशोरी लाल व सुरेन्द्र कौर पत्नी जसमेर सिंह के द्वारा मेन लाइन पर केबल डालकर बिजली चोरी करते हुए पकडा गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हत्या के प्रयास में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। युवक पर चाकू से वार कर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मस्जिद वाली गली माजरा निवासी हाजी आसिर अहमद ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका लडका समीर अहमद निवासी मदनी कालौनी माजरा नियर मुस्कान होटल गत रात किसी काम से कबाडी बाजार गया था वहां से वापस आते समय पैट्रोल पम्प के पास उसके जानने वाले दिल नवाज पुत्र अब्दुल अजीज व उसके साथ अन्य दो लडके भी थे ने उसके लडके को रोक लिया और किसी पुरानी बात को लेकर जान से मारने की नियत से उसके लडके के पेट व कमर पर चाकुओ से वार कर दिया उसका लडका किसी तरह घायल अवस्था मे घर पहुँचा आज दिन उसके बेटे ने उसको यह बाते बतायी तब वह उसका इलाज कराने दून होसपिटल और बाद उसे वेलमेन्ट होसपिटल लेकर आये जहाँ पर उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने हत्या का प्रयास करने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एक साल बाद गुमशुदा व्यक्ति के सकुशल मिलने पर परिजनों में खुशी की लहर



हमारे संवाददाता

नैनीताल। बीते वर्ष मई माह में गुमशुदा हुए व्यक्ति की बरामदगी को लेकर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे दिल्ली से सकुशल बरामद कर परिजनों की सुर्पुदगी में दे दिया गया है। एक साल बाद गुमशुदा व्यक्ति के मिलने पर परिजनों ने खुशी जताते हुए पुलिस की प्रशंसा की गयी है।

बीते वर्ष 19 मई को दीपा पांडे द्वारा थाना लालकुंआ में अपने पति महेश पांडे पुत्र परमानंद पांडे निवासी दुर्गापालपुर परमा हल्दुचौड की गुमशुदगी दर्ज करवायी गयी थी। बताया गया था कि उनके पति महेश पांडे बिना बताये घर से कहीं चले गये है।

थाना लालकुंआ में पुलिस ने महेश पांडे की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गयी थी। काफी खोजबीन के बाद गुमशुदा महेश पांडे को पुलिस ने एक साल बाद 26 मई को दिल्ली से सकुशल बरामद कर गुमशुदा उनकी पत्नी दीपा पांडे के सुपुर्दगी में दे दिया गया है। गुमशुदा व्यक्ति के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा स्थानीय थाना पुलिस सहित नैनीताल पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

## मोटरसाईकिल की चपेट में आकर राहगीर की मौत

संवाददाता

देहरादून। सडक किनारे खडे व्यक्ति की मोटरसाईकिल की चपेट में आने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुडढाखेडी सहारनपुर निवासी सुभाष चन्द ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता यशपाल अपने रिश्तेदार के घर जो की देहरादून के निवासी है उनको मिलने के लिए आया हुआ था। यशपाल शिमला बाईपास सडक के बाई तरफ खडा था बंसल चौक की तरफ से एक तेज गति से सफेद रंग की अपाचे मोटर साईकिल आयी और यशपाल को गम्भीर चोट मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको एम्स में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मिशन मर्यादाः हुक्का पीकर हुड़दंग करने वाले तीन युवक गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

चमोली। 'मिशन मर्यादा' के तहत हुक्का पीकर हुड़दंग करने वाले तीन व्यक्तियों को पुलिस ने आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह गौचर बैरियर पर पुलिस आप्रेशन मर्यादा के तहत चैकिंग कर रही थी। इस दौरान हरियाणा से आये तीन युवक हुक्का पीकर हुड्दंग करते हुए पाये गये। इस पर पुलिस ने उन्हे गिरफ्तार कर उनका हुक्का जब्त कर दिया साथ ही पुलिस अधिनियम के तहत कार्यवाही कर उन्हे वापस लौटा दिया गया है। साथ ही पुलिस ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी यात्रियों व पर्यटकों से आग्रह किया है कि वह देवभूमि की पवित्रता व अखंडता को बनाए रखें।

## कार चोरी

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से कार चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झण्डा मौहल्ला निवासी राजेन्द्र कुमार शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी कार झण्डा तालाब के पास खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस गया तो उसकी कार अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# निर्माणाधीन फैक्ट्री के गेट को चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। निर्माणाधीन फैक्ट्री के गेट को चोरी करने का प्रयास कर फरार हुए दो लोगों को पुलिस ने कल देर शाम गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती सुबह आदिर गौर पुत्र समीर अहमद निवासी ग्राम शेरपुर द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया कि उनकी एक फैक्ट्री शेरपुर मे है। जिसमे निर्माण कार्य चल रहा है। बताया कि आज मैं मूखातिब अली के साथ फैक्ट्री का कार्य देखने गया था तो वहां जाकर देखा कि दो व्यक्ति उनकी निर्माणधीन फैक्ट्री का गेट चोरी करने की नियत से खींच रहे है। जो उनको देखकर भगवानपुर की तरफ फरार हो गये है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरी का प्रयास कर रहे लोगों की तलाश शुरू कर दी गयी। तलाश में जुटी पुलिस टीम द्वारा कल देर शाम कड़ी मशक्कत के बाद उन दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्होने पूछताछ में अपना नाम वसीम पुत्र इकबाल ग्राम शक्ति मोहल्ला थाना रुडकी जनपद हरिद्वार, व अतुल पुत्र बिशनलाल निवासी पुरानी तहसील थाना रुडकी जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# श्रीलंका अकेला नहीं

दुनिया एक कठिन मुकाम पर है। आर्थिक चुनौतियां और राजनीतिक उथल-पुथल मुंह बाये खड़ी हैं। श्रीलंका में इसका असर देखा जा चुका है। लेकिन ऐसे अनेक देश हैं, जहां हालात श्रीलंका जैसे ही हैं।

श्रीलंका अकेला नहीं है। वह पहला जरूर है। यानी आगे चल कर श्रीलंका जैसी हालत दुनिया के कई अन्य देशों में भी पैदा हो सकती है। ये चेतावनी संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अधिकारियों ने दी है। याद करें। विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मैलपास ने कुछ रोज पहले ये कहा था कि निम्न और मध्यम आय वाले बहुत से देश कोरोना महामारी के असर, महंगाई, और कर्ज के बोझ के कारण मुसीबत में हैं। यूक्रेन युद्ध के कारण बने हालात ने उनकी समस्याएं और बढ़ा दी हैँ। ऊर्जा, उवर्रक, और अनाज की अचानक बढ़ी महंगाई का उन्हें सामना करना पड़ रहा है। ब्याज दरें बढने की सूरत भी उनके सामने है। इन सबकी उन पर गहरी मार पड़ेगी। उधर संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी एजेंसी अंकटाड ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया में ऐसे 107 देश हैं, जो अनाज की महंगाई, ईंधन की महंगाई, और राजकोषीय संकट में से किसी ना किसी एक स्थिति का सामना कर रहे हैँ। 69 देश ऐसे हैं, जिनके सामने ये तीनों समस्याएं खड़ी हैं।

विश्व बैंक के मुताबिक यूक्रेन युद्ध शुरू होने के पहले ही निम्न आय वाले देशों में 60 प्रतिशत कर्ज संकट में थे। यह समस्या खासकर उन देशों के साथ है, जिन्होंने विदेशी मुद्रा में कर्ज लिया। अब अमेरिका में ब्याज दर बढने के कारण निवेशक निम्न और मध्य आय वाले देशों से अपना पैसा निकाल कर डॉलर में निवेश कर रहे हैँ। इससे उन देशों की मुद्राएं दबाव में हैं। कोरोना महामारी के बाद यूक्रेन युद्ध से बने हालात ने वैसे तो सभी देशों पर असर डाला है। विकसित देश भी महंगाई और कई तरह की आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैँ। लेकिन निम्न और निम्न-मध्य आय के देशों के सामने चौती कहीं ज्यादा है। आईएमएफ के मुताबिक मिस्र, ट्यूनिशिया, और पाकिस्तान को उसने राहत पैकेज दिया है। उनके अलावा कई अफ्रीकी देशों की हालत पर निकटता से नजर रखी जा रही है। टर्की में तो सालाना मुद्रास्फीति दर 70 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। जाहिर है, दुनिया एक कठिन मुकाम पर है। आर्थिक चुनौतियां और राजनीतिक उथल-पुथल मुंह बाये खड़ी हैं।

# महाराष्ट्र में असम दोहराने की तैयारी

भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र में असम की कहानी दोहराने की तैयारी में है। ध्यान रहे मार्च में असम में राज्यसभा की दो सीटों के चुनाव हुए थे और दोनों सीटें भाजपा ने जीत ली थी। संख्या होने के बावजूद कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव हार गया था। इसे लेकर कांग्रेस और उसकी सहयोगी एआईयूडीएफके बीच खूब तकरार भी हुई। उस चुनाव में विपक्षी गठबंधन के नौ विधायकों ने क्रास वोटिंग की। ऐसा ही खेल इस बार महाराष्ट्र में हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में खाली हो रही अपनी तीनों सीटें बचाने का प्रयास कर रही है। ध्यान रहे महाराष्ट्र में छह सीटें खाली हो रही हैं, जिनमें से तीन भाजपा की हैं।

राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, विनय सहस्त्रबुद्धे और विकास महात्मे रिटायर हो रहे हैं। इस बार की गणित के मुताबिक भाजपा को दो सीटें आसानी से मिल रही हैं। विधानसभा में भाजपा में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के पास 113 की संख्या है। 288 सदस्यों की विधानसभा में एक सीट जीतने के लिए इस बार 41 वोट की जरूरत है। इस लिहाज से दो सीट जीतने के बाद भाजपा के पास 31 वोट बूचते हैं। उसे तीसरी सीट जीतने के लिए 10 अतिरिक्त वोट का इंतजाम करना होगा। अन्य की पांच सीटें हैं लेकिन उनमें दो ओवैसी की पार्टी एमआईएम की है और एक सीपीएम की है। मनसे और स्वाभिमान पक्ष की दो सीटें हैं, जो भाजपा के साथ जा सकती हैं। फिर भी भाजपा को आठ वोट चाहिए।

दूसरी ओर शिव सेना, एनसीपी और कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी सरकार के पास 169 विधायक हैं। इस लिहाज से चार सीट जीतने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या है। लेकिन गठबंधन की तीनों बड़ी पार्टियों के अलावा 16 विधायक छोटी पार्टियों के हैं या निर्दलीय हैं। भाजपा उनमें सेंध लगाने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस के भी कुछ विधायकों से क्रास वोटिंग कराने की योजना है। सरकार के नेता, मंत्री इससे आशंकित हैं। गठबंधन की तीनों पार्टियों को एक-एक सीट मिलनी है। चौथी सीट शिव सेना लड़ती है तो उसे प्रबंधन करना होगा और अगर तीनों पार्टियां मिल कर किसी को निर्दलीय उतारती हैं तो सबको मिल कर प्रबंधन करना होगा।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# सोफे को साफ और नया बनाए रखने के लिए अपनाएं ये तरीके



सोफा काफी महंगा आता है, इसलिए एक बार इसे खरीदने के बाद हम सालों-साल इसे बदलने पर विचार नहीं करते। इसके लिए जरूरी है कि सोफा लंबे समय तक सही रहे, लेकिन ऐसा केवल तभी संभव है जब आप इसे सही तरह से इस्तेमाल और इसकी सफाई पर ध्यान दें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप बड़ी ही आसानी से अपने सोफे को साफऔर नया बनाए रख सकते हैं।

सप्ताह में एक बार सोफे को वैक्यूम क्लीनर से करें साफ

अगर आप साल में सिर्फएक या दो बार ही अपने सोफे को साफ करते हैं तो इससे इसकी सेल्फलाइफप्रभावित हो सकती है यानी सोफा जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए सप्ताह में कम से कम एक बार अपने सोफे को साफजरूर करें। इसके लिए आप वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह आपके सोफे को गंदगी, धूल के कण, कीड़े और पालतू जानवरों बाल आदि से बचाएगा जो आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं।

सोफे को कंबल या स्लीपओवर से ढककर रखें

सोफे को साफऔर नए जैसा रखने के लिए इसे गंदगी और धूल से बचाना जरूरी है, इसलिए अपने सोफे को किसी अच्छे और मुलायम कंबल से ढकें। आप चाहें तो कंबल की जगह स्लिपओवर से भी अपने सोफे को ढक सकते हैं क्योंकि यह आसानी से वॉशिंग मशीन में धोया जा सकता है। वैसे आजकल मार्केट में कई तरह के सोफा कवर्स भी मौजूद हैं, जिन्हें आप अपनी जरूरत के हिसाब से खरीद सकते हैं।

हमेशा एक ही जगह पर बैठने से बचें

बहुत से लोग इस गलती को न जाने कितनी बार दोहराते हैं। दरअसल, लोग सोफे की एक निश्चित जगह पर बैठने के आदी होते हैं और जब भी वह सोफे का इस्तेमाल करते हैं तो उसी जगह पर बार-बार बैठते हैं, जिस वजह से वह उस जगह से खराब हो सकता है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि सोफा एक साइड से दब जाता है और फिर देखने में अच्छा नहीं लगता। इसलिए हर दिन सोफे पर अदल-बदल कर बैठें।

ड्राई क्लीनिंग भी है एक अच्छा विकल्प

अगर आपको लगता है कि आप घर पर सोफे की सफाई अच्छे से नहीं कर सकते हैं तो इसे घर पर साफ न करें और इसकी ड्राई क्लीनिंग करवाएं। ड्राई क्लीनिंग से गंदगी और दाग हटने के साथ-साथ सोफे को ज्यादा नुकसान भी नहीं होता है। हालांकि, यह एक महंगा विकल्प हो सकता है, इसलिए आप इस विकल्प को चुनने की बजाय अन्य विकल्पों का सहारा भी ले सकते हैं।

# एक बार फिर विवादों में घिरी अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज

अक्षय कुमार की आने वाली मूवी पृथ्वीराज रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है. ऐसे में मूवी के सामने एक बाद एक विवाद बढ़ते ही चले जा रहे है. बीते दिनों करणी सेना ने मूवी को लेकर प्रश्न खड़े कर दिए है. ये मसला अभी हल भी नहीं हुआ था कि अक्षय की मूवी एक और विवाद में आ चुकी है. जी हां, अब ये मूवी दोहरे विवाद में उलझ चुकी है. एक तरफ जहां गुर्जर समाज फिल्म 'पृथ्वीराज' की स्क्रीनिंग को राजस्थान में रोकने की भी धमकी दी जाने लगी है. वहीं, तो दूसरी ओर करणी सेना ने फिल्म के मेकर्स से टाइटल बदलने की भी मांग की जा रही है.

रिपोर्ट्स के अनुसार अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा को 12वीं शताब्दी के योद्धा राजा के रूप में दिक्कत होना शुरू हो चुकी है. गुर्जर महासभा की ओर से दावा किया गया है कि पृथ्वीराज चौहान राजपूत नहीं बल्कि गुर्जर थे. साथ ही, इस बात का वर्णन महाकाव्यों में भी किया जा चुका है. अब केस ये है कि उनकी मांग है कि मूवी में पृथ्वीराज चौहान को राजपूत नहीं बल्कि एक गुर्जर शासक के रूप में दर्शाया जाए.

वहीं, अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मनीष भार्गड का भी बयान भी सुनने के लिए मिला है. उन्होंने बोला है कि वो बीते वर्ष अक्षय की फिल्म पृथ्वीराज के मूवी निर्माता से मिले थे और उन्हें ऐतिहासिक साक्ष्य भी सौंपे दिए थे. मुलाकात के दौरान फिल्म निर्माता से महासभा ने फिल्म में सही तथ्य दिखाने के लिए अनुरोध भी कर चुके है.

## शब्द सामर्थ्य -081

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 080 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## साहिर रजा ने अपनी आगामी कॉमेडी सीरीज फील्स लाइक होम की शुरुआत की

फील्स लाइक होम के निर्देशक साहिर रजा ने प्रीत कममानी, विष्णु कौशल, मिहिर आहूजा और अंशुमान मल्होत्रा की अपनी आगामी वेब सीरीज के बारे में बात की। कॉमिक सीरीज 4 लडक़ों के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो उनकी पार्टियों, इमोशन्स, फाइट्स और ड्रामा से जुड़े हैं।

शो के रोमांचक अंदाज पर कि युवा किस तरह से जीवन में आते हैं, इस पर निर्देशक साहिर ने कहा- इस स्थान में, बहुत कम शो ऐसे होते हैं जो उम्र की कहानी के आने से आगे जाने का प्रबंधन करते हैं। एफएलएच की शानदार कास्ट और क्रू के साथ मुझे लगता है कि हमने इसे प्रबंधित किया है।

उन्होंने कहा- हमने वादा सफलतापूर्वक पूरा किया है या नहीं, यह दर्शकों पर निर्भर करता है।

सिद्धांत माथुर और साहिर रजा द्वारा लिखित और निर्देशित फील्स लाइक होम 10 जून को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## बिंधु माधवी बनी बिग बॉस नॉन स्टॉप जीतने वाली पहली महिला

तेलुगु रियलिटी शो बिग बॉस के ओटीटी संस्करण को जीतने वाली पहली महिला बनी बिंधु माधवी। बिंधु माधवी ने इस सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया है।

शो में सात फाइनलिस्ट थे, साथ ही होस्ट सुपरस्टार नागार्जुन भी थे। फाइनल के पहले दौर में बाबा भास्कर और अनिल राठौड़ के बाहर होने के बाद शीर्ष पांच प्रतियोगी बचे थे।

मित्रव शर्मा पांचवें स्थान पर रही, जबकि एरियाना चौथे स्थान पर रही। एरियाना ने दस लाख रुपये का सूटकेस लिया क्योंकि वह जानती थी कि उसके खिताब जीतने की संभावना कम है।

दूसरी ओर, शिव तीसरे सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार थे, और नागार्जुन ने उन्हें एक और दिलचस्प प्रस्ताव दिया। नागार्जुन के अनुसार शिवा को बिग बॉस तेलुगु के आगामी सीजन में बिग बॉस तेलुगु 6 डब किया जा सकता है।

बिंदू माधवी रियलिटी शो की ओटीटी सीरीज के पहले सीजन की विजेता हैं। अखिल सार्थक के साथ, जो बिग बॉस तेलुगु 4 में उपविजेता रहे।

बिग बॉस नॉन-स्टॉप का ग्रैंड फिनाले डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शाम 6 बजे से शुरू होगा।

## वरुण-कियारा की फिल्म को मिला जुग जुग जियो का आशीर्वाद

वरुण धवन, कियारा आडवाणी, अनिल कपूर और नीतू कपूर की फिल्म जुग जुग जियो का ट्रेलर रविवार यानी 22 मई को रिलीज हो गया है। फिल्म के ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के ट्रेलर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें भरपूर कॉमेडी के साथ इमोशन भी है। फिल्म जुग जुग जियो का ट्रेलर सामने आने के बाद लोगों ने ट्विटर पर रिएक्शन देना शुरू कर दिया है।

राज मेहता के डायरेक्शन बनी फिल्म जुग जुग जियो का 24 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में वरुण धवन और कियारा आडवाणी ने पति-पत्नी का रोल किया है। वहीं, अनिल कपूर और नीतू कपूर ने वरुण धवन के माता-पिता का रोल किया है। ये दूसरा मौका है जब राज मेहता के डायरेक्शन में कियारा आडवाणी काम कर रही हैं। इससे पहले दोनों ने फिल्म गुड न्यूज में काम किया था। इस फिल्म में अक्षय कुमार और करीना कपूर भी थे।

## अदिति पोहनकर शी के दूसरे सीजन के लिए तैयार

इम्तियाज अली की सीरीज शी का दूसरा सीजन 17 जून से वापसी के लिए तैयार है। वेब सीरीज की हेडलाइनिंग करते हुए, अदिति पोहनकर सीजन 2 के बारे में जानकारी देती हैं और बताती हैं कि वह इस किरदार से कैसे जुड़ी हैं। हम शी को वापस लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट रहा है, जिसे हमने लगभग दो साल से अपने दिल के करीब रखा है।

नेटफ्लिक्स इंडिया ने शी सीजन 2 का फर्स्ट लुक जारी किया। नायक भूमिका (आदिति पोहनकर) के चरित्र में विरोधाभासों को दर्शाती है।

अदिति कहती हैं- व्यक्तिगत रूप से, मैं उन पात्रों से बहुत अधिक संबंधित हूं जो अपनी कमजोरियों से निपट रहे हैं। इसे ऑन-स्क्रीन व्यक्त करने में सक्षम होना अद्भुत है। मुझे लगता है कि भेद्यता आपको अधिक भरोसेमंद बनाती है और दर्शकों को आपके चरित्र से अधिक गहराई से जोड़ती है।

क्राइम थ्रिलर सीरीज में किशोर कुमार जी, विश्वास किनी, शिवानी रांगोले , सैम मोहन, सुहिता थात्ते भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

इम्तियाज अली के लिखित और निर्मित, सीजन 2 के सात एपिसोड आरिफ अली ने निर्देशित और वायकॉम 18 स्टूडियोज के टिपिंग प्वाइंट और विंडो सीट फिल्म्स के तहत निर्मित हैं। (आरएनएस)

# कृति सैनन ने हिंदी फिल्म उद्योग में पूरे किए आठ साल



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में अपने सफर की शुरुआत करने वाली बच्चन पांडे की अभिनेत्री कृति सैनन ने हिंदी फिल्म उद्योग में आठ साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर, अभिनेत्री ने एक उद्यमी के रूप में एक नई यात्रा शुरू करने की घोषणा की। अपने प्रोजेक्ट मिमी के फिल्मांकन के दौरान फिटनेस के प्रति अपने जुनून की खोज के बाद कृति जल्द ही द ट्राइब नामक एक फिटनेस ऐप लॉन्च करने जा रही हैं, जहां एक गर्भवती महिला का हिस्सा देखने के लिए उन्हें एक शारीरिक परिवर्तन से गुजरना पड़ा। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी टीम के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, वे कहते हैं कि आपका वाइब आपकी जनजाति को आकर्षित करता है। मैं हमेशा से ऐसी व्यक्ति रही हूं जो उन लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास करती है जिन पर मैं वास्तव में विश्वास करती हूं और आज ठीक उसी के लिए खड़ी हूंउसने अपने कैप्शन में आगे कहा, आज से 8 साल पहले, मैंने हिंदी फिल्म उद्योग में एक अभिनेत्री के रूप में अपनी यात्रा उन लोगों की मदद से शुरू की, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे उडऩे के लिए पंख दिए! आज, 8 साल बाद, ठीक उसी दिन मैं अपने तीन अद्भुत प्रतिभाशाली सह-संस्थापक अनुष्का नंदनी, करण साहनी और रॉबिन बहल के साथ एक उद्यमी के रूप में अपनी यात्रा की घोषणा करने के लिए रोमांचित हूं क्योंकि हम अपना पैशन प्रोजेक्ट द ट्राइब लॉन्च कर रहे हैं।

आगे कृति ने लिखा, मैंने एमआईएमआई के बाद अपनी व्यक्तिगत फिटनेस यात्रा की खोज की, जब मुझे फिल्म के लिए 15 किलो वजन कम करना पड़ा और हम हिट हो गए। एक लॉकडाउन जहां जिम बंद थे। रॉबिन, करण और अनुष्का मेरी इस यात्रा का एक बड़ा हिस्सा बन गए और मुझे फिट रहने का एहसास करायाकृति अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहती हैं, आपको केवल प्रेरणा, सही मार्गदर्शन और कोई ऐसा व्यक्ति चाहिए जो आपके लिए कसरत को मजेदार बना सके, चाहे आप कहीं भी हों। हम द ट्राइब में आपको सबसे अच्छा और सबसे योग्य संस्करण बनने के लिए प्रेरित करने में विश्वास करते हैं। अपने आप में चाहे वह स्टूडियो में हो, समूह हो, आभासी सत्रों में कुछ सबसे अच्छे, सबसे कम उम्र के और सबसे योग्य प्रशिक्षकों के साथ हों जो न केवल आपकी सीमाओं को आगे बढ़ाएंगे बल्कि कसरत को भी मजेदार बना देंगे।

ऐप लॉन्च के बारे में एक झलक देते हुए अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट को गोल करते हुए लिखा, यह घोषणा करने के लिए भी उत्साहित है कि हम इस साल के अंत में द ट्राइब ऐप लॉन्च करेंगे जो आपको फिटनेस और सब कुछ करने के लिए कुछ भी और सब कुछ तक पहुंच प्रदान करेगा।काम को लेकर बार करें तो, कृति के पास गणपत, आदिपुरुष, भेदिया, शहजादा जैसी आगामी बड़ी फिल्में हैं।(आरएनएस)

# पायल रोहतगी ने कंगना रनौत को बताया असभ्य

टीवी अभिनेत्री पायल रोहतगी ने एक बार फिर से कंगना रनौत पर निशाना साधा है। पायल ने हाल ही में कंगना की फिल्म धाकड़ की स्क्रीनिंग में शिरकत की थी, और बाद में उन्होंने कहा कि एक्टर उनके प्रति असभ्य थी। पायल ने कहा कि वह प्रीमियर के लिए गई थीं क्योंकि फिल्म का निर्माण सोहेल मक्लाई ने किया है, जो उनके मंगेतर संग्राम सिंह के दोस्त हैं। उन्होंने कहा कि धाकड़ की अभिनेत्री से बात करने की तमाम कोशिशों के बावजूद वह उनके प्रति काफी रूड थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कंगना की बहन रंगोली चंदेल की प्रशंसा करते हुए लिखा कि रंगोली तुम अच्छी इंसान हो, लेकिन तुम्हारी बहन मुझे देखकर खुश नहीं थी। वह नाराज थी। उन्होंने उल्लेख किया कि कंगना लॉक अप के अपने विजेता को सही ठहराने के लिए गलत साक्षात्कार दे रही थीं।

मुझे अपने विवेक के प्रति ईमानदार होना होगा। कैमरे के पीछे ऐसे लोग हैं जो एक फिल्म में अपनी मेहनत की कमाई का निवेश करते हैं। मैं वहां गई थी, क्योंकि सोहेल मकलाई जी संग्राम के दोस्त हैं। मेरी पोस्ट में जब मैंने कहा कि उनकी फिल्म फ्लॉप होनी चाहिए क्योंकि वह मुझे अपने रियलिटी शो में मेरे लिए बदमाश शब्द का इस्तेमाल कर रही थीं। मैंने उनसे बात करने का प्रयास किया लेकिन वह मुझे देखकर खुश नहीं थी।फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को दुखद बताते हुए, पायल ने मुनव्वर फारूकी और उनकी फैन फॉलोइंग का मजाक उड़ाया। (आरएनएस)

# हिना खान ने बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया फिगर



बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 में खूब धूम मचा रही हैं। हिना खान आए दिन कांस से जुड़े अपने एक से एक लुक्स शेयर कर रही हैं, जिसने फैंस को भी उनका दीवाना बना दिया है। हाल ही में हिना खान ने कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 से जुड़ा चौथा लुक शेयर किया है, जिसमें हिना खान के स्टाइल से लेकर उनके अंदाज तक ने कहर ढा दिया है। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही हैं।

हिना खान ने चौथे लुक के लिए येलो रंग का बॉडीकॉन गाउन पहना, जिसमें एक्ट्रेस का स्टाइल वाकई में कमाल का लगा।

हिना खान का बॉडीकॉन ड्रैस में ऐसा ग्लैमरस स्टाइल देखने को मिला कि उनके आगे बाकी सबकुछ फीका-फीका नजर आया।

हिना खान की इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर भी बवाल मचाकर रख दिया है। उनकी इन फोटोज को लेकर फैंस भी एक्साइटेड नजर आए।

हिना खान की इन तस्वीरों पर प्यार लुटाने में फैंस ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। एक फैन ने हिना की तारीफकरते हुए लिखा, ष्हिना आप आग होष् तो वहीं दूसरे फैन ने उनके लुक्स को किलर बताया।

हिना खान अपनी फोटोज में एक से बढक़र एक पोज देती नजर आईं। कभी दीवारों के सहारे तो कभी रेलिंग के पास खड़े होकर हिना खान ने पोज दिये।

हिना खान येलो बॉडीकॉन ड्रेस में अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिखाई दीं। एक्ट्रेस के इस कातिलाना अंदाज ने भी लोगों का खूब दिल जीता।

बता दें कि हिना खान ने दूसरी बार कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 में कदम रखा है। इससे पहले साल 2019 में उन्होंने कांस में कदम रखा था। (आरएनएस)

# आईआईपीए ने परमार्थ निकेतन के साथ मिलकर किया एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यशाला का आयोजन






कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय स्वच्छ गँगा मिशन, जलशक्ति मंत्रालय की ओर से नमामि गंगे के अंतर्गत गँगा नदी के हितधारकों के लिये मिश्रित क्षमता निर्माण कार्यक्रम की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन २६ मई को स्वर्गाश्रम ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला का आयोजन की जिम्मेदारी नमामि गंगे, जलशक्ति मंत्रालय, भारत सरकार ने ( आईआईपीए) भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली को दी है।

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान ने परमार्थ निकेतन के साथ मिलकर एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यशाला का आयोजन किया।

परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंदजी महाराज, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के महानिदेशक सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वच्छ गँगा मिशन के सलाहकार जगमोह गुप्ता, साध्वी भगवती, गँगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा नमामि गंगे के तहत गंगा नदी के हित धारको हेतु मिश्रित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सौंपा गया है जिसमें गँगा विचार आंच के कार्यकर्ताओं, छात्र, युवा, मास्टर, ट्रेनर, शहरी स्थानीय निकाय अधिकारी, गँगा स्वच्छता आए जुड़े लोग व संस्थाओं,और अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।।

## ❑कार्यशाला में गंगा के संरक्षण का वचन दिया

इस कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन आश्रम ऋषिकेश उत्तराखंड में अध्यात्मिक गुरुओं, साधु संतों व संयआइयों व जनप्रतिनिधियों और समाज के विभिन्न समुदाय से जुड़े लोगों के लिए पहली एक दिवसीय आध्यात्मिक कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। अध्यक्षता करते हुए स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि गंगा स्वच्छता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बहुत कार्य किया जा रहा है। लेकिन जनता की ओर से और समाज की सभी वर्गों की ओर से और खासकर साधु समाज को भी गँगा स्वच्छता के लिए आगे आना होगा। स्वामी चिदानंद जी ने कहा कि गंगा स्वच्छता पर बहुत कुछ कार्य हो चुके हैं लेकिन बहुत किया जाना अभी बाकी है।

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि गंगा स्वच्छ्ता के लिए सरकारों के साथ जनसहभागिता की अति आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ गँगा मिशन के सलाहकार जगमोहन गुप्ता ने कहा कि नमामि गंगे भारत सरकार द्वारा गँगा स्वच्छता के विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन सफलतापूर्वक हो रहा है।

गंगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेंद्र सिंह निष्ट ने कहा कि बहुत कुछ होने के बावजूद मां गंगा व्यथित व दुःखी हैं। उन्होंने संत समाज से अपील की है कि माँ गंगा में किसी भी तरह से जलसमाधि देने पर रोक लगनी चाहिए। दरअसल संत समाज के और समाज के कुछ वर्गों में शरीर त्यागने पर जलसमाधि देने ली परंपरा है। इस पर संत समाज की ओर से स्वामी चिदानंद मुनि ने आश्वासन दिया कि वे संत समाज के सभी वर्गों से इस विषय पर बात करेंगे। गंगा में गहरी आस्था रखने और भारतीय सभ्यता और संस्कृति को आत्मसात करने वाली साध्वी भगवती ने कहा कि गंगा के बहाव वाले क्षेत्रों व राज्यों में पूरी तरह से ओर्गानिक खेती करनी होगी। ताकि किसी भी तरह से कृषि में उपयोग होने वाले कैमिकल गँगा में न जाएं।।

पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि गंगा का पानी अमृत है और ये अमृत हिमालय के जंगलों से, यहां की जड़ी बूटियों व बुग्याल क्षेत्रों से मिलता है। हमे सम्पूर्ण हिमालय की सुरक्षा व संरक्षण करना होगा।।

आपको बताते चलें कि परमार्थ निकेतन से जुड़े प्रसिद्ध विद्वान संतों और वक्ताओं ने गंगा के संरक्षण का वचन दिया। कार्यशाला के कहा गया कि संत समाज गंगा घाटों के साथ सतत अभ्यास और अध्यात्मिक समुदाय के बीच प्रेरणा और विश्वास का निर्माण करेगा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ रचना विमल जी ने किया

## लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने की आजादी मिलनी चाहिए : देबत्तमा



शो मिठाई में नजर आ रही अभिनेत्री देबत्तमा साहा का मानना है कि महिलाओं को अपने सपनों को पूरा करने की आजादी होनी चाहिए और उन्हें शादी के कारण विशिष्ट भूमिकाओं तक सीमित नहीं रखना चाहिए।

जैसा कि देबत्तमा ने खुलासा किया, मैं वास्तव में मिठाई शो में किरदार निभाने में बहुत अच्छा समय बिता रही हूं। शो के हाल के एक दृश्य के लिए मैंने अनुभव किया कि एक महिला के लिए यह कैसा महसूस होता है जब उसे एहसास होता है कि शादी के बाद उसके कंधों पर आने वाली जिम्मेदारियों के कारण वह अपने सपने को पूरा नहीं कर पाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि, मेरा मानना है कि शादी की सभी जिम्मेदारियों को एक महिला द्वारा संभाला जा सकता है, जबकि वह अभी भी अपने सपनों को प्राप्त करने का प्रयास कर रही हैं। एक लडक़ी को सिर्फशादी के कारण अपने सपनों को कभी नहीं छोडऩा चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि, मैं एक ऐसी महिला हूं जो मानती है कि हर किसी को अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए। अगर वास्तव में कुछ करने की उसकी इच्छा है, तो वह अपने जीवन में कुछ भी कर सकती है। मिठाई जी टीवी पर प्रसारित होता है।

## सू- दोकू क्र 81

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.080 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## भूल भुलैया 2 ने तोड़ा गंगूबाई काठियावाड़ी, बच्चन पांडे का रिकॉर्ड

फिल्म निर्माता अनीस बज्मी की हालिया रिलीज भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 14.11 करोड़ रुपये की कमाई की है और यह अभिनेता कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी ओपनिंग है।

यह फिल्म बज्मी के बीच का पहला कोलैबोरेशन है, जो कार्तिक, तब्बू और कियारा आडवाणी के साथ वेलकम, नो एंट्री और रेडी जैसी हिट कॉमेडी फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर साझा किया कि फिल्म कार्तिक के जीवन में एक मील का पत्थर है।

भूल भुलैया 2 ने अक्षय कुमार और आलिया भट्ट-स्टारर गंगूबाई काठियावाड़ी, बच्चन पांडे जैसी फिल्मों के पहले दिन के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

फिल्म रूहान की कहानी का अनुसरण करती है, जो एक धोखेबाज मानसिक है जिसे ठाकुर महल में मंजुलिका की स्पष्ट वापसी से निपटने के लिए लाया जाता है, लेकिन वह अनजाने में समस्याओं को बढ़ा देता है। टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज के बैनर तले भूषण कुमार, मुराद खेतानी, अंजुम खेतानी और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित भूल भुलैया 2।( आरएनएस)

# राजीव के हत्यारे की रिहाई

वेद प्रताप वैदिक

राजीव गांधी के हत्यारे ए.जी. पेरारिवालन को सर्वोच्च न्यायालय ने रिहा कर दिया। इस पर तमिलनाडु में खुशियां मनाई जा रही हैं। उस हत्यारे और उसकी मां के साथ मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन गले मिल रहे हैं। हत्यारे की कलम से लिखा गया एक लेख दिल्ली के एक अंग्रेजी अखबार ने छापा है, जिसमें उसने उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने उसकी कैद के दौरान उसके साथ सहानुभूतियां दिखाई थीं। तमिलनाडु के अन्य प्रमुख दल भी उसकी रिहाई का स्वागत कर रहे हैं। तमिलनाडु की कांग्रेस ने बड़ी दबी जुबान से इस रिहाई का विरोध किया है। कहने का तात्पर्य यह कि इस मामले में तमिलनाडु की सरकार और जनता प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी की हत्या पर जरा भी दुखी मालूम नहीं पड़ रही है। यह अपने आप में कितने दुख की बात है? यदि श्रीलंका के तमिलों के साथ हमारे तमिल लोगों की प्रगाढ़ता है तो इसमें कुछ बुराई नहीं है लेकिन इसके कारण उनके द्वारा किए गए इस हत्याकांड की उपेक्षा की जाए, यह बात समझ के बाहर है।

तमिलनाडु सरकार इस बात पर तो खुशी प्रकट कर सकती है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में राज्यपाल को नीचे खिसका दिया और तमिलनाडु सरकार को ऊपर चढ़ा दिया। राज्यपाल ने प्रादेशिक सरकार के इस प्रस्ताव पर अमल नहीं किया कि राजीव गांधी के सातों हत्यारों को, जो 31 साल से जेल में बंद हैं, रिहा कर दिया जाए। राज्यपाल ने सरकार का यह सुझाव राष्ट्रपति के पास भेज दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने पेरारिवालन की याचिका पर फैसला देते हुए संविधान की धाराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्यपाल के लिए अनिवार्य है कि वह अपने मंत्रिमंडल की सलाह को माने।

इसीलिए दो-ढाई साल से राष्ट्रपति के यहां झूलते हुए इस मामले को अदालत ने तमिलनाडु सरकार के पक्ष में निपटा दिया। इस फैसले ने तो यह स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए अपने मंत्रिमंडलों की सलाह को मानना अनिवार्य है लेकिन प्रांतीय सरकार की इस विजय का यह डमरू जिस तरह से बज रहा है, उसकी आवाज का यही अर्थ निकाला जा रहा है कि राजीव गांधी के हत्यारे की रिहाई बधाई के लायक है। अब जो छह अन्य लोग, जो राजीव की हत्या के दोषी जेल में बंद हैं, वे भी शीघ्र रिहा हो जाएंगे।

उनकी रिहाई का फैसला भी तमिलनाडु सरकार कर चुकी है। लगभग 31 साल तक जेल काटनेवाले इन दोषियों को फांसी पर नहीं लटकाया गया, यह अपने आप में काफी उदारता है और अब उन्हें रिहा कर दिया जाएगा, यह भी इंसानियत ही है लेकिन हत्यारों की रिहाई को अभिनंदनीय घटना का रूप देना किसी भी समाज के लिए अशोभनीय और निंदनीय है।

# भ्रष्टाचार, भर्ती घोटालों व बढ़ती बेरोजगारी को लेकर यूकेडी का एक दिवसीय धरना



नगर संवाददाता

देहरादून। राज्य मे व्याप्त भ्रष्टाचार, भर्ती घोटाले, बेरोजगारी आदि विषयों को लेकर आज उक्रांद द्वारा गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना देकर राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से उत्तराखण्ड क्रांति दल का कहना है कि उत्तराखंड राज्य जो देवभूमि हैं के बने 22 वर्षों मे राज्य मे व्याप्त भ्रष्टाचार, लगातार भर्ती घोटाले, बढ़ती बेरोजगारी को रोकने में अभी तक की सरकारें असफल रही, बेहताशा बढ़ती महगाई ने आम आदमी की कमर तोड दी। 22 वर्षों मे उत्तराखंड मे अपसंस्कृति के कारण सब कुछ बेलगाम हैं। उत्तराखंड क्रांति दल राज्य के हित मे खड़ा हैं जो राज्य को ऐसे अपसंस्कृति से बचाने के लिए लोकतान्त्रिक तरीके से समय-समय पर सरकारों को चेताती रही हैं। उन्होने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से निवेदन करते हुए कहा है कि वह राज्य सरकार को व्याप्त भ्रष्टाचार, भर्ती घोटालों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दे। कार्यक्रम में डॉ शक्ति शैल कपरुवाण, सुनील ध्यानी, जय प्रकाश उपाध्याय, बहादुर सिंह रावत, विजय बौडाई, अशोक नेगी, प्रमिला रावत, मुकेश पाठक, गणेश काला, संजय डोभाल, बिजेंद्र रावत , टीकम राठौर, शंखधर, दीपक रावत, किरन रावत सहित कई लोग शामिल रहे।

# केदारनाथ के लिए हवाई टिकट के नाम पर ठगी

संवाददाता

देहरादून। फाटा से केदारनाथ जाने के लिए हवाई टिकट बुक कराने के नाम पर 89 हजार 560 रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी जयपाल लाल ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसनेमुकुल कोहली ट्रेवल एजेन्ट देहरादून के द्वारा 16 मई एव 20 मई को फाटा से केदार नाथ के लिये हेलीकैप्टर (जहाज) की टिकटे करवाने के लिये कहा गया जिनको उसने अन्सुमान साहू जो कि फाटा में बैठते है उनके द्वारा ये टिकटें करवाई गयी, जो पवन हंस कम्पनी के नाम बनवाई गयी है, जब 16 मई को पैसेन्जर उत्तम वमन एवं उनके सहयात्री वहाँ पर गये तो अन्सुमान साहू जिन्होने टिकटे करवाई उनसे कोई कोन्टेक्ट नही हुआ एंव उनका मोवइल नम्वर वन्द आ रहा है, जिस कारण यात्रियों को हवाई सेवा उपलब्ध नही हो पायी, इसके अतिरिक्त 20 मई को मिस संगीता कुन्डा एंव उनके सहयात्री जाने थे लेकिन इनका भी अन्सुमान साहू से सम्पर्क नही हो रहा है । जिस खाते मे अन्सुमान के द्वारा बताया गया नम्वर जोकि फोन पे नम्बर है । इस खाते में उसने 49560 रूपये ट्रान्सफर किये , इसके अलावा अन्सुमान के द्वारा वताये गये व्यक्ति को 40 हजार रूपये कैश दिये । जो टिकटे अन्सुमन द्वारा कराई गयी है वो फर्जी निकली। जिसके चलते उसके साथ 89 हजार 560 रूपये की ठगी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जिला जज न्यायालय के कर्मचारी से अभद्रता पर तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। नोटिस चस्पा करने गये जिला जज न्यायालय के कर्मचारी के साथ गाली गलौच कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला न्यायालय में कार्यरत आदेशिका वाहक अशोक कुमार अग्रवाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह केनरा बैंक बनाम रिशु कुमार जो की न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज (सी०डि०) से तामिली हेतु प्राप्त हुआ था को दिये गये पते पर रिशु कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी झण्डा मौहल्ला में गया था। वहाँ पर मौजूद लोगो ने अशोक कुमार अग्रवाल के साथ बदतमीजी की उनके द्वारा किये जा रहे राजकीय कार्य में व्यवधान उत्पन किया गया उनको गन्दी गन्दी गालीयाँ दी गयी आदेशिका वाहक अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा उक्त समन, नोटिस को चस्पा करना चाहा तो वहां मौजूद तीन लोग जिनमें से एक का नाम अतुल कुमार व दो अन्य व्यक्तियों द्वारा उनको जान से मारने की कोशिश की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सैकड़ों समर्थकों सहित चोपड़ा हुए भाजपा में शामिल

नगर संवाददाता

हरिद्वार। कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश प्रवक्ता संजय चोपड़ा ने आज कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक द्वारा संजय चोपड़ा व उनके सैकड़ों साथियों को भाजपा का पटका ओढ़ाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई गयी।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा संजय चोपड़ा एक जमीनी कार्यकर्ता हैं और पूरे प्रदेश में रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को भारी तादाद में संगठित किए हुए हैं, चोपड़ा के एक लंबे संघर्ष के बदौलत उत्तराखंड राज्य में नगरीय फेरी नीति नियमावली उत्तराखंड सरकार द्वारा बनाई गई और संजय चोपड़ा के भाजपा में आने से उत्तराखंड भाजपा को और मजबूती मिलेगी। कौशिक ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतवर्ष के 50 लाख रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना के तहत स्वरोजगारी मानते हुए उनके कारोबारी स्थानों पर ही वेंडिंग जोन, हॉकिंग जोन विकसित किए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा संजय चोपड़ा को भारतीय जनता पार्टी की मुख्यधारा में लाकर भाजपा के प्रचार- प्रसार केंद्र व राज्य सरकार की स्ट्रीट वेंडर्स योजनाओं को प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर्स तक पहुंचाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे।



इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरिद्वार के सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतवर्ष के सभी रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को केंद्र सरकार के संरक्षण में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लक्ष्य वर्ष 2022 से बढ़ाकर 2024 तक किया गया है वही अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा पार्लियामेंट कमेटी जिसके अध्यक्ष भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की सिफारिश पर राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम 2014 को सभी राज्यों की स्थानीय निकायों के माध्यम से मुस्तैदी से लागू करने को राज्य सरकारों को निर्देशित किया जा चुका है।

उन्होने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर मैंने और मेरे साथियों ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण की है। इस अवसर पर भारतीय फिल्म सेंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य वरिष्ठ भाजपा नेता आलोक मिश्रा, जिला महामंत्री विकास तिवारी, भाजपा नेता ओमकार जैन, भाजपा नेत्री पूनम माखन, राहुल चौहान, मयंक गुप्ता मौजूद रहे।

# चोरी की 17 मोटरसाईकिलों के साथ 6 लोग गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की 17 मोटरसाईकिलों के साथ छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। शहर में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने पुलिस टीमों का गठन कर वाहन चोरों की धरपकड में लगाया जिसके चलते डोईवाला थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक को गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम असद आजमी पुत्र महमूद अबरार निवासी मंगलौर बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर पांच अन्यों को चोरी की 16 मोटरसाईकिलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम वसीम पुत्र नूर आलम निवासी लंढौरा, अमजद पुत्र शहीद, शौकिन पुत्र अब्दुल वहीद साबिर पुत्र अकबर, मिसम पुत्र यामीन सभी निवासी मंगलौर बताया।

# नौसेना के अधिकारी के खाते से निकले 59 हजार रुपये



देहरादून (सं)। फ्लाईट के पैसे रिफंड करने के नाम पर नौसेना अधिकारी के खाते से 59 हजार रूपये निकाल लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेग बहादुर रोड निवासी नौसेना अधिकारी अंकित शर्मा ने डालनवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने 20 मई की रात्रि आईआरसीटीसी की एप से अपनी डयूटी पर पहुचने की फ्लाईट देहरादून से दिल्ली एंव दिल्ली से कोच्ची 22 मई की बुक की थी। 22 मई को प्रात: तक कोई सूचना नही प्राप्त होने से पौने दस बजे जब उसने अपनी यात्रा टिकटो के स्टेटस हेतु आईआरसीटीसी के नंबर को गूगल से सर्च कर प्राप्त किया तो उस नम्बर पर बात करने पर उसकी काल को फोरवर्ड किया गया जहां पर एक व्यक्ति जिसने अपना नाम अजय मिश्रा बताया और उससे कहा कि आप की फ्लाइट का रिफण्ड किया जायेगा उसके इन्सट्रकशनस को फोलो करते रहिए उसने उससे अपने फोन पर क्यूक स्पोर्ट एप्लीकेशन कडाउनलोड करने को कहा उसने विश्वास करते हुये कि उसकी फ्लाइट की राशि इस व्यक्ति के द्वारा उसके खाते मे डाली जायेगी उसने अजय मिश्रा के कहे अनुसार क्यूक स्पार्ट एप्लीकेशन को अपने मोबाइल में डाउनलोड किया। उसके डाउनलोड करते ही उसके खाते से 59 हजार 993 रूपये निकल गये। तब उसको पता चला कि वह साईबर ठगी का शिकार हो गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधडी

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधडी में पुलिस ने एक को नामजद कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी निवासी विनोद चौहान ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि निर्मल सिंह चौहान निवासी विष्णुलोक कलोनी का रहने वाला है, जिसकी मुलाकात उससे माह मार्च 2019 में देहरादून में हुई थी उनके द्वारा उसको सहस्त्रधारा देहरादून में जमीन विक्रय के लिए बताया गया था जो कि उसके द्वारा देखी भी गयी थी। 25 नवम्बर 2019 को देहरादून कचहरी में अनुबन्ध पत्र तैयार किया गया था जिसमें कि ग्यारह लाख रूपये बैंक ट्रांसफर करने को लिखा गया। जबकि उसके द्वारा 25 नवम्बर को जिला सहकारी बैंक ज्ञानसू से दो लाख पच्चास हजार रूपये आरटीजीएस द्वारा ट्रांसफर किया गया तत्पश्चात् 28 नवम्बर को पुन: सहकारी बैंक ज्ञानसू पाच लाख रूपये आरटीजीएस किया गया।

कुछ दिन पश्चात् उनके द्वारा उससे सात लाख पचास हजार रूपये देने को कहा गया फिर उसके द्वारा दिनांक 4 जनवरी 2020 को आरटीजीएस के माध्यम से सात लाख पच्चास हजार रूपये उनके बैंक खाता में ट्रांसफर किया गया। उसके पश्चात् भी उनके द्वारा फिर और रूपयों की डिमांड की गयी। कुल मिलाकर बाईस लाख नब्बे हजार रूपये दिये गये। मार्च 2020 में जब उसके द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री करने को कहा गया तो निर्मल सिंह चौहान टाल मटोल करता रहा और कुछ समय बाद उसका फोन उठाना भी बन्द कर दिया। तब उसको पता चला कि निर्मल चौहान ने उसके साथ धोखाधडी कर रूपये ठग लिये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

### ड्रग्स केस में आर्यन खान को मिली क्लीनचिट, एनसीबी को नहीं मिले सबूत

नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को अदालत से क्लीन चिट मिल गई है। पिछले साल मुंबई से दूर एक क्रूज जहाज पर ड्रग्स पाए जाने के बाद एंटी–ड्रग्स एजेंसी ने ६,००० पन्नों का चार्जशीट दायर किया है, जिसमें १४ आरोपियों के नाम हैं। दाखिल चार्जशीट में आर्यन खान का नाम शामिल नहीं था। एनसीबी के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार सिंह ने एक बयान में कहा, आर्यन और मोहक को छोड़कर सभी आरोपी नशीले पदार्थों के कब्जे में पाए गए। उन्होंने कहा कि एजेंसी को आर्यन खान और पांच अन्य के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिले, जिसमें एविन शाहू, गोपाल जी आनंदो, समीर साईघान, भास्कर अरोड़ा और मानव सिंघली शामिल हैं। आर्यन खान को ड्रग्स मामले में गिरफ्तार होने के बाद तीन सप्ताह से अधिक समय जेल में बिताया गया था, जो समाचारों की सुर्खियों और सोशल मीडिया पर छाई रही थी। नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो ने शुरू में दावा किया था कि आर्यन खान ड्रग्स का नियमित उपयोगकर्ता और आपूर्तिकर्ता था।



### आमरीन भट की हत्या में शामिल दोनों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने 24 घंटे के भीतर ढेर किया

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के बडगाम में हुई टीवी कलाकार आमरीन भट की हत्या में शामिल दोनों आतंकियों को सुरक्षाबलों ने २४ घंटे के भीतर ढेर कर दिया है। इसके अलावा श्रीनगर में भी दो आतंकियों को मार दिया गया है। बता दें कि, आमरीन भट की हत्या के बाद सुरक्षाबलों के जवानों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया था और गुरुवार रात पुलवामा में तलाशी अभियान के दौरान यह मुठभेड़ शुरू हुई। जिसमे सुरक्षाबलों ने लश्कर–ए–तैयबा के दोनों आतंकियों को मार गिराया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पुलवामा जिले के अवंतीपुरा के अगनहंजीपुरा इलाके में गुरुवार देर रात मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि इलाके की घेराबंदी में टेलीविजन कलाकार अमरीन भट्ट की हत्या के लिए जिम्मेदार दो आतंकवादी घिर गए और सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने ट्वीट किया, मारे गए दोनों आतंकवादियों की पहचान शाहिद मुश्ताक भट्ट और फरहान हबीब के तौर पर हुई है। शाहिद बडगाम के हफ्रू चंदूरा और फरहान पुलवामा के हकरीपुरा का रहने वाला था।





### आय से अधिक संपत्ति मामले में ओपी चौटाला को 4 साल की जेल और 50 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के खिलाफ सजा का ऐलान किया है। कोर्ट ने उनको ४ साल की सजा और ५० लाख का जुर्माना लगाया है। इससे पहले विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने सीबीआई के वकीलों और ओम प्रकाश चौटाला की दलीलें सुनीं, जिन्हें १९९३ से २००६ तक आय से अधिक संपत्ति हासिल करने के मामले में दोषी ठहराया गया था। ओम प्रकाश चौटाला ने अदालत से चिकित्सा बीमारियों और बुढ़ापे का हवाला देते हुए उन्हें न्यूनतम सजा देने का आग्रह किया। इस बीच, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दोषी के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा कि इससे समाज में संदेश जाएगा। एजेंसी ने आगे कहा कि ओम प्रकाश चौटाला का साफ–सुथरा इतिहास नहीं है, क्योंकि यह दूसरा मामला था जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। अदालत ने पिछले हफ्ते ओम प्रकाश चौटाला को दोषी ठहराया और कहा कि आरोपी अपनी आय के स्रोत या इस अवधि के दौरान संपत्ति अर्जित करने के साधनों को साबित करके इस तरह की असमानता के लिए संतोषजनक ढंग से हिसाब करने में विफल रहा है। सीबीआई ने २००५ में मामला दर्ज किया था, और २६ मार्च, २०१० को आरोप पत्र दायर किया गया था।



# बीस साल में राज्य के माननीयों के वेतन भत्तों में हुई 30 गुना बढ़ोत्तरी

विशेष संवाददाता

देहरादून। आम कर्मचारी व अधिकारियों के वेतन भत्तों में चाहे मामूली वृद्धि ही हुई हो लेकिन उत्तराखंड के माननीयों के वेतन भत्तों में भारी वृद्धि हुई है। उत्तराखंड राज्य गठन से 2021 तक 21 वर्षों में विधायकों का वेतन 15 गुना हो गया है जबकि अन्य भत्तों में भी भारी बढ़ोत्तरी हुई है।

इस बात का खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को विधानसभा सचिवालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी से विधायकों के वेतन भत्तों की दरों व उसमें संशोधन की सूचनाएं मांगी थी। विधानसभा सचिवालय के लोक सूचना अधिकारी उपसचिव लेखा हेम चन्द्र ने अपने पत्रांक 494 से उनको यह सूचना उपलब्ध करायी गयी है। उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड गठन के समय 9 नवंबर 2000 को विधायकों का वेतन 2000 रूपये प्रतिमाह था जो 1अप्रैल 2017 से बढ़कर पन्द्रह गुना 30 हजार रूपये प्रतिमाह हो गया। उत्तराखंड गठन के चौथे साल में 1अप्रैल 2004 से इसे 3000, नवें साल में 1 अप्रैल 2009से 5000 तथा 1 जनवरी 2014 से 10 हजार किया गया था।

विधायकों को मिलने वाले निर्वाचन क्षेत्र भत्ते की दर 5000 से तीस गुना बढ़ाकर डेढ़ लाख रूपये कर दी गयी है। 9 नवम्बर 2000 को निर्वाचन क्षेत्र भत्ता 5000 था, 1 अप्रैल 2014 से इसे 7500 रूपये, 1 जनवरी 2015 से 15 हजार, 1 अप्रैल 2009 से 30,000 रूपये, 1 जनवरी 2014 से 60 हजार तथा 1 अप्रैल 2017 से बढ़ाकर डेढ़ लाख रूपये कर दिया गया है।

**❑सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी**

बता दें कि उत्तराखंड गठन के समय विधायकों को चालक भत्ता नहीं मिलता था। 1 जनवरी 2014 से 3 हजार रूपये मिलना प्रारंभ हुआ जिसे 1 अप्रैल 2017 से बढ़ाकर चौगुना 12 हजार रूपये कर दिया गया है। उत्तराखंड गठन के समय 1 हजार रूपये की दर से मिलने वाले सचिवीय भत्ते को 12 गुना बढ़ाकर 1 अप्रैल 2017 से 12 हजार कर दिया गया है। 1 अप्रैल 2004 से इसे 2500 रूपये, 1 नवम्बर 2005 से 6000 तथा 1 अप्रैल 2017 से 12 हजार कर दिया गया है।

उत्तराखंड गठन के समय 1000 रू. की दर से मिलने वाले चिकित्सीय भत्ते को 1जनवरी 2014 से समाप्त कर दिया गया है। 300 रूपये की दर से मिलने वाले मकान किराये भत्ते में 1 नवम्बर 2005 से कोई वृद्धि नहीं की गयी है।

उत्तराखंड गठन के समय 200 रूपये प्रतिदिन की दर से मिलने वाले जनसेवा भत्ते को दस गुना बढ़ाकर 2000 रू. प्रतिदिन कर दिया गया है इसे 1 अप्रैल 2004 से 250रू. प्रतिदिन , 1 अप्रैल 2009 से 1 हजार रू. तथा 1 जनवरी 2014 से 2 हजार रूपये प्रतिदिन किया गया है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार विधायकों के रेलवे कूपन व डीजल पेट्रोल भत्ते में भी भारी बढ़ोत्तरी की गयी है। उत्तराखंड गठन के समय इसकी दर 93 हजार रू. प्रतिवर्ष थी, जिसमें 60 हजार रू. को नकद डीजल पेट्रोल भत्ते के रूप में प्राप्त किया जा सकता था। 1 अप्रैल 2004 से इसे 1 लाख 20 हजार कर दिया गया जिसमें 96000 पेट्रोल डीजल भत्ता नकद था। इसे पुन: बढ़ाकर 1 नवम्बर 2005 से 1 लाख 50 हजार कर दिया गया। इसे पुन: 1 अप्रैल 2008 से बढ़ाकर 2 लाख तथा 1 जनवरी 2014 से 3 लाख कर दिया गया है। इसे 1 अप्रैल 2017 से बढ़ाकर 3 लाख 55 हजार रूपये कर दिया गया है जिसमें से 3, 25 हजार पेट्रोल/डीजल भत्ते के रूप में नकद प्राप्त किया जा सकता है।

### पवन हंस के नाम पर 61 हजार रुपये की ठगी

देहरादून (सं)। पवन हंस हवाई सेवा कम्पनी के नाम पर 61 हजार रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी विजित कुमार ने क्लेमनटाउन थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर टिकट बुक करने की कोशिश कर रहा था। उसने गूगल पर खोजा, पवन हंस लिमिटेड की एक वेबसाइट मिली, वहां से मोबाइल नंबर मिला, उसने उनसे संपर्क किया, उन्होंने उसको टिकट की उपलब्धता के बारे में सुनिश्चित किया, उसके बाद उन्होंने उसको अपने बैंकों का विवरण दिया। उन्होंने उससे बात की और उसको बताया वे पवन हंस लिमिटेड कंपनी से बात कर रहे हैं। बैंक आईडीएफसी फर्स्ट बैंक उसके द्वारा 61 हजार 360 रूपये दिये उसके बाद उन्होंने उसका नम्बर ब्लाक कर दिया तब उसको पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है।

### लोन कराने के लिए ठगे 35 हजार रुपये

देहरादून (सं)। लोन कराने के नाम पर महिला से 35 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौलागढ निवासी श्रीमती निर्मल वर्मा पत्नी राजकुमार वर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने इन्द्रेश नगर निवासी रंजीत पुत्र मुसद्दीलाल निवासी को लोन कराने एक बार 20 हजार रूपये दिये व 15 हजार रूपये एक बार दिये है। लोन नहीं हुआ तो उसने अपने पैसे वापस मांगे तो उक्त व्यक्ति ने पैसे देने से इंकार कर दिया है।

## हाईटेंशन की चपेट में आये दोनों जुड़वां बच्चों की मौत, मचा कोहराम

हमारे संवाददाता

देहरादून। बंसतविहार क्षेत्रांर्तगत बनियावाला में हाईटेंशन की चपेट में आकर झुलसे जुड़वां बच्चों की आज सुबह मौत हो गयी है। यह दोनो जुड़वां बच्चे मंगलवार को अपने घर में ही हाईटेंशन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये थे जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था।

बता दें कि बनियाला में सेवली गांव नंदन एन्क्लेव में टावर संख्या 36 और 37 के बीच दो सात वर्षीय बच्चे प्रिंस और गोलू अपने घर की छत पर पानी के पाइप लाइन से खेल रहे थे। साथ ही उनकी मां पानी का मोटर चलाकर छत की सफाई कर रही थी। इस बीच कुछ समय के लिए उस क्षेत्र की बिजली चली गयी। फिर अचानक बिजली आने से पानी के मोटर चलते ही पानी तेजी के साथ निकलने लगा और यह पानी तेजी से वहां से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन पर गिरने लगा। जिसके बाद दोनों बच्चे भी पानी के सम्पर्क में आ गये और जैसे ही ये पानी के सम्पर्क में आये तो इन पर करंट लग गया। करंट लगने से दोनों जुड़वां बच्चे बुरी तरह से झुलस गये। जिस पर इन्हे गंभीर हालत में इन्हें निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां आज सुबह दोनों बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनो बच्चों की मौत की सूचना मिलते ही उनके घर में कोहराम मच गया और स्थानीय लोगों द्वारा उनके घर पहुंच कर संवेदाए व्यक्त की जा रही है।



### सार्वजनिक सूचना

मेरा पुत्र क्षितिज प्रदीप गुप्ता व पुत्रवधु उपासना कश्यप मेरे कहने सुनने में नहीं है तथा मैनें उन्हे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्यों व लेन–देन में मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। उनके द्वारा यदि कोई अनैतिक कार्य व लेन–देन किया जाता है तो उस सबके वह स्वंय जिम्मेदार होगें।

निशा गुप्ता
पत्नी प्रदीप कुमार गुप्ता
निवासी–23 अलकनन्दा एनक्लेव,
जी.एम.एस. रोड, देहरादून

**आर.एन.आई.-** 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**
**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**
*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*